






नवभारत
सतना, बुधवार 5 नवम्बर, 2025


# बगैर ठोस कारण के प्रकरण निरस्त करने पर बैंकर्स के खिलाफ होगी कार्यवाही : जामोद

## कई बैंकों को लापरवाही न बरतने की चेतावनी, कमिश्नर ने लगाई फटकार, 15 तक लक्ष्य पूरा करने का अल्टीमेटम




नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 नवम्बर, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में संभागीय रोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा की. जहा कमिश्नर ने दो टूक शब्दो में कहा गरीबों के आर्थिक विकास में बाधा ड़ालने वाले दंडित किये जाएगे. अगर कोई प्रकरण बगैर ठोस कारण के निरस्त किया जाता है तो बैंकर्स के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी. साथ ही कमिश्नर ने बैठक में अल्टीमेटम दिया कि रोजगार से जुड़े सभी प्रकरण 15 नवम्बर तक स्वीकृत करे.**

कई बैंको को चेतावनी भी दी गई. कमिश्नर ने कहा कि शासन की स्वरोजगार योजनाएं गरीबों को आर्थिक विकास का अवसर देती हैं. गरीब छोटा सा व्यवसाय शुरू करके पूरे परिवार की आजीविकास चलाने के साथ आर्थिक विकास की राह में कदम बढ़ा देता है. बैंकर्स संभागीय रोजगार मेले को ध्यान में रखते हुए स्वरोजगार तथा रोजगार से जुड़े सभी प्रकरण 15 नवम्बर तक स्वीकृत करके शत-प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति सुनिश्चित करें. अधिकारी और बैंकर्स गरीबों की मदद और कल्याण के लिए ही तैनात हैं. बैंकर्स स्वरोजगार के प्रकरणों को सकारात्मक दृष्टि और सेवाभाव से निराकृत करें. कमिश्नर ने कहा कि संभागीय रोजगार मेला संभाग भर के गरीबों के लिए बहुत बड़ा अवसर है. इसके माध्यम से 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है. रोजगारमूलक और स्वरोजगार की सभी योजनाओं के लक्ष्य रोजगार मेले तक पूरे हो जाएंगे. बैंकर्स प्रकरणों को लम्बे समय तक लटकाकर रखने और मनमर्जी से रिजेक्ट करने की प्रवृत्ति से बचें. हर निरस्त प्रकरण की समीक्षा की जाएगी. यदि निरस्त करने का कोई ठोस कारण नहीं पाया गया तो बैंकर्स के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी. कमिश्नर ने इंडियन बैंक, स्टेट बैंक आफ इंडिया मध्याचंल बैंक तथा बैंक ऑफ बड़ौदा को स्वरोजगार प्रकरणों में लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी. बैठक में कृषि विभाग, उद्यानिकी, नगरीय निकाय, उद्योग विभाग, अन्त्यावसायी सहकारी समिति, ट्राईबल, पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग, आजीविका मिशन, कुटीर और ग्रामीण उद्योग, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना तथा अन्य विभागों के स्वरोजगार प्रकरणों की समीक्षा की.

### प्रकरण निराकरण के लिए सात दिवस का अल्टीमेटम

बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि अधिकारी और बैंकर्स सात दिवस में सभी लंबित प्रकरण निराकृत करें. रोजगार मेले से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने का प्रयास करें. बैठक में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने कहा कि तय समय सीमा में सभी स्वरोजगार और रोजगार प्रकरणों का निराकरण कर लिया जाएगा. बैंकर्स प्रतिदिन स्वरोजगार प्रकरणों का निराकरण करें. बैठक में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने स्वीकृत प्रकरणों की बैंकवार जानकारी दी. बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अग्रणी बैंक प्रबंधक रीवा और मऊगंज, महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त संचालक शहरी विकास अभिकरण मयंक वर्मा, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ डीएस बघेल, विकास विभाग से जुड़े सभी अधिकारी तथा बैंकर्स उपस्थित रहे.

# अचानक बढ़ी रात की ठंड, पारा लुढ़क कर पहुंचा 12 .5 डिग्री

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 नवम्बर, बेमौसम बारिश के बाद आसमान साफ हो चुका है और जैसी उम्मीद थी कि तेजी से तापमान में गिरावट आने के साथ ठंड बढ़ेगी. सोमवार-मंगलवार की रात सबसे ठंड रही, तापमान अचानक 17 डिग्री से नीचे खिसक कर 12.5 डिग्री पहुंच गया. जबकि दिन का अधिकतम तापमान 32 डिग्री पर ही रहा.**

पिछले दो दिन से दिन में भले ही गर्मी पड़ रही है लेकिन रात के न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट आई है. मंगलवार को दिन भर तेज धूप रही, हालाकि शाम के बाद ठंड का असर शुरू हो गया. इस सीजन का पहला न्यूनतम तापमान है जो 12.5 डिग्री तक पहुंच गया है. मौसम विभाग की माने तो अभी तापमान में और गिरावट आएगी. जिस तरह से इस समय धूप हो रही है और रात को ठंड हुआ है, खेती के लिहाज से फायदेमंद है. धान की फसल पक कर तैयार हो चुकी है और कटाई-गहाई चल रही है. जिस तरह से धूप हो रही है उससे किसानो को राहत है.

दरअसल कई दिनो तक हुई बारिश से धान की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है. धूप फायदेमंद है साथ ही किसानो ने गेंहू की बोनी भी शुरू कर दी है और यह ठंड बोनी के लिये उपयुक्त है. दिन के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आएगी. अभी जो तापमान 32 डिग्री है वह एक सप्ताह बाद घट कर 28 तक पहुंच जाएगा. जिले में कड़ाके की ठंड 15 नवम्बर के बाद से ही शुरू होती है, हालाकि दिन में ठंड का असर कम रहता है और रात में ठंड तेज हो जाती है. अभी ठंड हवाएं नही चल रही है बर्फबारी के बाद ठंड हवाएं चलेगी.

## संक्षिप्त



### निर्माण कार्य का महपौर ने किया निरीक्षण

**रीवा,** महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने निर्माणाधीन एमआईसी कक्ष एवं अतिरिक्त कार्यालय कक्ष का स्थल निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से निर्माण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की जानकारी ली. उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण पूरा होने के बाद ड्रॉइंग एवं स्वीकृत मानकों के अनुरूप चैंबर का निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जाए. इस दौरान सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, सहायक यंत्री अभिनव चतुर्वेदी, उपयंत्री कमलेश्वर सिंह, श्रीमती पूर्वी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

### मऊगंज में किसान संगठनों के साथ बैठक 12 को

**मऊगंज,** मऊगंज कलेक्ट्रेट सभागार में 12 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से बैठक का आयोजन किया गया है. बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे. एसडीएम मऊगंज और हनुमना उप संचालक कृषि, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन तथा विद्युत मंडल, जिला आपूर्ति अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

### पीटीएस रीवा के सुपर कॉप्स का सुयश

**रीवा,** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के साइबर अपराधों के समन्वय केंद्र (आइफोरसी) के तहत माह अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह घोषित किया गया था. जिसके तारतम्य में पूरे प्रदेश में विभिन्न प्रकार के साइबर जागरूकता कार्यक्रम पुलिस के द्वारा चलाए गए हैं. पुलिस मुख्यालय की प्रशिक्षण शाखा द्वारा मध्य प्रदेश राज्य की समस्त पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु नवआरक्षकों के लिए राज्य स्तरीय ऑनलाइन साइबर अवेयरनेस क्वीज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई थी. जिसमें कुल 9 प्रशिक्षण संस्थानों के 2534 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया. जिसमें से पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा के कुल 432 प्रशिक्षु नवआरक्षकों ने भाग लिया था. उपरोक्त साइबर अवेयरनेस क्वीज़ प्रतियोगिता में टॉप 25 प्रशिक्षु साइबर सुपर कॉप्स ,को श्रीमान कैलाश मकवाना पुलिस महानिदेशक महोदय मध्य प्रदेश के द्वारा उनके उत्साह वर्धन हेतु इनाम स्वरूप 2000 का कैश रीवार्ड प्रत्येक प्रशिक्षु को प्रदान किया जा रहा है. उपरोक्त 25 साइबर सुपर कॉप्स में पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा के 7 प्रशिक्षु नवआरक्षकों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला का नाम रौशन किया है. पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा के जिन 7 प्रशिक्षुओं ने टॉप 25 में अपनी जगह बनाई है. जिसमें रघुनंदन परमार ने प्रथम, अजय देवले द्वितीय, अंकित तेकाम पंचम, चित्रांश कुमार भास्कर छठा, शिवम सिंह 17 वां, रविंद्र अहिरवार 21 वां, विक्रम सोलंकी 22 वां स्थान प्राप्त किया. डीजी, एडीजी प्रशिक्षण, राजा बाबू सिंह तथा पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन ने इन सभी प्रशिक्षु साइबर कॉप्स को बधाई दी.

### तहसीलदार करेंगे हितग्राहियों का सत्यापन

**रीवा,** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को हर वर्ष 6 हजार रुपए की राशि उनके बैंक खाते में दी जा रही है. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी तहसीलदारों को किसान सम्मान निधि के संदिग्ध हितग्राहियों का सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने कहा है कि ऐसे किसान जिनमें परिवार के एक से अधिक व्यक्ति अथवा नाबालिग राशि ले रहे हैं उनके सत्यापन के लिए पीएम किसान योजना की लॉगिन में मॉड्यूल उपलब्ध है. इसके माध्यम से सत्यापन करें.

### ई -केवाइसी न कराने पर नाम कटेंगे

**रीवा,** खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को हर माह खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्यान्न पर्ची के पात्र हितग्राहियों का नाम पोर्टल में दर्ज किया गया है. इन प्रतीक्षारत हितग्राहियों को ई केवायसी कराना अनिवार्य है. रीवा जिले में 18872 हितग्राही प्रतीक्षासूची में हैं. इनमें से अभी केवल 1344 हितग्राहियों की ही ई केवायसी की गई है. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि सभी एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ तथा खाद्य विभाग के अधिकारी प्रतीक्षारत शेष हितग्राहियों की ई केवायसी सात दिवस में सुनिश्चित करें. कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन के माध्यम से हितग्राहियों को ई केवायसी सात दिवस में कराने की सूचना दें. अपात्र तथा मृत हितग्राहियों के नाम भी एक राशन मित्र पोर्टल से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पृथक करें.

# मिशन कर्मयोगी पोर्टल में रीवा जिले को हासिल हुई विशेष उपलब्धि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 नवम्बर, कमिश्नर बीएस जामोद ने मिशन कर्मयोगी आई जीओटी पोर्टल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले रीवा इंजीनियरिंग कालेज के दो प्राध्यापकों को सम्मानित किया.**

कमिश्नर ने प्राध्यापक डॉ साकेत जैन और प्रकाश कुमार सिंह को प्रदेश में तकनीकी शिक्षा विभाग की वरीयता सूची में क्रमशः चौथा और पाँचवा स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. इस अवसर पर कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन, प्राध्यापक इंजीनियरिंग कालेज डॉ संदीप पाण्डेय तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. इस संबंध में इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य डॉ आरपी तिवारी ने बताया कि मिशन कर्मयोगी डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम आई जीओटी के माध्यम से सभी अधिकारी और कर्मचारी ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. इस पोर्टल में 15 से 19 सितम्बर 2025 की अवधि में रीवा इंजीनियरिंग कालेज के दो प्राध्यापकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. इन दोनों प्राध्यापकों को तकनीकी शिक्षा विभाग से सर्वाधिक प्रमाण पत्र प्राप्त हुए. तकनीकी शिक्षा विभाग की वरीयता सूची में इन्हें प्रदेश में चौथा और पाँचवा स्थान प्राप्त हुआ. यह रीवा संभाग के लिए कर्मयोगी पोर्टल पर विशेष उपलब्धि है.

### एसपी ने फरार आरोपियों पर किया इनाम घोषित

पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर ईनाम की घोषणा की है. थाना लौर में दर्ज दो अलग-अलग प्रकरणों में फरार अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी पर पाँच-पाँच हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है. थाना हनुमना में दर्ज प्रकरण में फरार आरोपी चिंतामणि पाठक पिता जगदीश प्रसाद पाठक, शिवेन्द्र उर्फ शिरवेन्द्र पाठक पिता चिंतामणि पाठक, शिवाकांत पाठक उर्फ श्रीकांत पाठक पिता रामायण पाठक तथा नीलेश पाठक पिता रामायण पाठक सभी निवासी ग्राम कोन की गिरफ्तारी पर प्रत्येक आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो-दो हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है.



# शहर के मुख्य बाजार में खूंखार बैल बना रहे राहगीरों को शिकार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 नवम्बर, तमाम निर्देशो के बावजूद शहर के अंदर आवारा गौवंश धमाचौकड़ी मचा रहे है. आए दिन कोई न कोई इनका शिकार होता है. पशु पालको द्वारा गौवंश को छोड़ दिया जाता है, जबकि कलेक्टर जुर्माना लगाने के निर्देश दिये है. उसके बाद भी कहीं कार्यवाही नही हो रही है.**

नगर निगम के पास वाहन से लेकर तमाम संसाधन है उसके बाद भी आवारा गौवंश को नही पकड़ा जा रहा है. मुख्य बाजार सब्जी मंडी, शिल्पी प्लाजा, प्रकाश चौराहा, घोड़ा चौराहा,धोबिया टंकी, अस्पताल चौराहा सहित विभिन्न स्थानों पर बैल घूमते है जो बेहद खतरनाक है और आये दिन राहगीरो को शिकार बनाते है. दुकानदार भी इन बैलो से परेशान है. नगर निगम की गाड़ी दिन भर घूमती रहती है पर ऐसे खतरनाक बैलो को नही पकड़ती जो दहशत के पर्याय बन चुके है.

प्रकाश चौराहा, घोड़ा चौराहा और सब्जी मंडी के आसपास सबसे ज्यादा भीड़ होती है और यहा खाने की तलाश में आवारा गौवंश पहुंचते है और अक्सर खरीददारी करने पहुंच रहे लोगो को अपना शिकार बना रहे है. उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय थाना अन्तर्गत कैलाशपुरी में एक वृद्ध को बैल ने मौत के घाट उतार दिया था, उसके बाद भी नगर निगम बैलों को लेकर गंभीर नही है.

# खरीफ फसल का उचित मुआवजा दिलाने कलेक्टर से मिले कांग्रेसी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 नवम्बर, प्रदेश के साथ-साथ जिले मे असमय भारी वर्षा से किसानों की खरीफ की नुकसानी का सर्वे कराये जाने एवं उचित मुआवजा दिलाये जाने की मांग को लेकर कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मण्डल राजमणि पटेल, पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं महापौर अजय मिश्रा के नेतृत्व मे कलेक्टर रीवा से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा.**



राजमणि पटेल ने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि धान खरीदी का पोर्टल रीवा जिले में भी खोला जाये जिससे जिले का किसान अपनी धान की फसल बेंच सके. महापौर अजय मिश्रा बाबा ने बताया कि अक्टूबर माह मे अतिवृष्टि के कारण खरीफ की सभी फसलें बर्बाद हो गयी है धान की खड़ी फसलें तथा खलिहानों एवं खेतों मे कटी हुई फसलें पूर्णत: नष्ट हो गयी हैं. महापौर ने कहा कि आपके निर्देश के बाद भी अभी तक तहसीलदारों द्वारा कही भी सर्वेदल गठित नही किया गया इससे किसानों मे घोर निराशा की भावना व्याप्त हो गयी हैं. सभी किसान अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं. ज्ञापन सौंपने वालों मे विमलेन्द्र तिवारी, विद्यावती पटेल, नीलम मिश्रा, बबिता साकेत, रवि तिवारी, शहर संगठन मंत्री सज्जन पटेल, सत्यनारायण तिवारी, धनेन्द्र सिंह बघेल, रवि तिवारी, नरेन्द्र सिंह तिवारी, शिवेन्द्र सिंह मौजूद रहे.

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए हेल्पडेस्क शुरू

**रीवा, 4 नवम्बर,** मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है. इसमें बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक के माध्यम से 4 दिसम्बर तक मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं. मतदाता सूची पुनरीक्षण में आमजनता की सुविधा के लिए नगर निगम रीवा द्वारा हेल्पडेस्क की सुविधा शुरू की गई है. इस संबंध में प्रभारी आयुक्त नगर निगम मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि नगर निगम रीवा में वार्ड क्रमांक 13, 16, 18, 21, 33 आदि में हेल्पडेस्क शुरू.

# सभी का सम्मान करना हमारे भारतीय परम्परा रही है.: डॉ. मनमोहन वैद्य




नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 नवम्बर, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, के पं. शम्भूनाथ शुक्ल सभागार में भारत की भारतीय अवधारणा विषय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ. कार्यक्रम के मुख्यवक्ता डॉ. मनमोहन वैद्य, विचारक एवं चिन्तक, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य ने अपने उद्बोधन को गीत के माध्यम से प्रारम्भ करते हुए कहा कि भारत में विविधता है, जहाँ सभी धर्म और जाति के लोग निवास करते हैं.**

हिन्दुस्तान प्राचीन काल से वनों से अच्छादित रहा है. हमारी भारतीय परम्परा में कोई भी शुभकार्य करने से पहले पूजा प्रार्थना की जाती है. सभी का सम्मान करना हमारे भारतीय परम्परा रही है. भारत में उद्योगों के रूप में कोशा, इत्र, लकड़ी की सामग्री आदि के लिए प्रसिद्ध था. इन वस्तुओं का भारत के लोग अपने घरों में निर्माण करते थें. भारत जगत् का औद्योगिक केन्द्र था. इसलिए भारत सोने की चिड़िया कहा जाता है. भारत के बारें में हमारी सही अवधारणा होनी चाहिए.

विशिष्ट अतिथि प्रो. भरतशरण सिंह, अखिल भारतीय महामंत्री, भारतीय शिक्षण मण्डल ने कहा कि भूमि पुत्र बनने का जिसे सौभाग्य मिलता है, वहीं आगे जाकर मंच में बैठता है. भारत संचार की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ रहा है. हम सभी विश्वविद्यालय के शिक्षक है. हम भारत को भारतीय दृष्टि से देखने की परम्परा को विकसित करने का प्रयास करना चाहिए.

कार्यक्रम में प्रो. श्रीकान्त मिश्र, डॉ. कमलेश मिश्र, प्रो. सुरेन्द्र सिंह परिहार, कुलसचिव, डॉ. अंजनि कुमार मिश्र, जिला मंत्री, डॉ. अमित झा, डॉ. देवदास साकेत, डॉ. के.के. जयसवाल, डॉ. सुनील तिवारी आदि मौजूद रहे.

### भारतीय ज्ञान परम्परा को जानने की आवश्यकता है : कुड़रिया

अध्यक्षता विश्व विद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने किया. उन्होंने कहा कि भारत की भारतीय अवधारणा आज युवाओं के बीच में सम्वाद है. विद्यार्थियों में सुनने और भारत के विकास के उच्चतम स्तर पर ले जाने की ऊर्जा होती है. भारत के भविष्य की नीव विद्यार्थी है. आगे उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भारतीय ज्ञान परम्परा को जानने और समझने की आवश्यकता है.

# जनसुनवाई से मोह भंग, मिलती है केवल तारीख

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 नवम्बर, मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में शिकायतो का निराकरण न होने से यह केवल कोरमपूर्ति तक सीमित रह गई है. शिकायतकर्ता भी अब शिकायत लेकर पहले जैसे नही पहुंचते है.**



शिकायत करने के बाद तारीख मिलती है और निराकरण नही होता. लिहाजा लोगो का मोह भंग हो गया है. मंगलवार को कलेक्ट्रेट में 103 आवेदन शिकायत लेकर पहुंचे. आवेदनो को संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के लिये प्रेषित किया गया. जमीन और राजस्व से जुड़े सबसे ज्यादा मामले जनसुनवाई में पहुंचे.

पहले शिकायतो का त्वरित निराकरण होता था तो लोगो को उम्मीद थी और जनसुनवाई में पहुंचते थे पर अब केवल खानापूर्ति होती है और तारीख पर तारीख मिलती जाती है. लेंकिन शिकायतों का निराकरण नही होता.

# खाद-बीज गुणवत्ता की अधिकारी करेंगे जांच

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 नवम्बर, कमिश्नर बीएस जामोद ने खाद, बीज और कीटनाशकों की गुणवत्ता की निगरानी के लिए कृषि विभाग के अधिकारी तैनात किए हैं.**

इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार सहायक संचालक कृषि डॉ सुरेश पटेल तथा सहायक संचालक प्रीति द्विवेदी को तैनात दल में शामिल किया गया है.

इन अधिकारियों को खाद, बीज और कीटनाशक की बिक्री करने वाले दुकानों, संस्थाओं, सहकारी समितियों, भण्डार केन्द्रों, निर्माण इकाईयों और रैक प्वाइंट्स का निरीक्षण करके खाद, बीज और कीटनाशकों के नमूने लेने के निर्देश दिए गए हैं. नियमित रूप से निरीक्षण करने तथा खाद, बीज के नमूने लिये जाएगे.

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला लिपिक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा/सिरमौर. 4 नवम्बर, न्यायालय में नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे की ठगी करने वाले लिपिक को सिरमौर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. जबलपुर से जारी विज्ञापन में नौकरी दिलाने के लिये ठगी की गई थी. फरियादी की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को धरदबोचा.**



पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देश पर सिरमौर थाना प्रभारी द्वारा कार्यवाही की गई. बताया गयाकि फरियादी अजीत कुशवाहा द्वारा थाना सिरमौर उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया. जिस पर आरोपी लिपिक मुनेंद्र नाथ त्रिपाठी पिता स्वर्गीय सुरेश कुमार त्रिपाठी निवासी ग्राम नागनपुर थाना लालापुर जिला प्रयागराज हाल लिपिक न्यायालय जेएमएफसी सिरमौर थाना सिरमौर द्वारा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर से तामिलकर्ता एवं भृत्त के पदों पर जारी विज्ञापन में नौकरी दिलाने के नाम पर 124000 रुपए की ठगी करने की रिपोर्ट लेख कराई गई. शिकायत आने के बाद पूरे मामले की जांच की गई तो शिकायत सही पाई गई. जिसके बाद आरोपी के खिलाफ थाना सिरमौर में धारा 318 (4) बीएनएस अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया और पूरे मामले में पूंछताछ की गई. तत्पचात न्यायालय में पेश किया गया.